an>

Title: Need to expedite the District Planning Map Series Project by National Atlas & Thematic Mapping Organisation in all the districts of the country.

श्री नाना पटोले (भंडारा-गोंदिया) ः राष्ट्रीय एटलस एंड थीमेटिक मैपिंग संगठन, भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के अधीन कार्यरत है। इस संगठन के तहत मैगा प्रोजेक्ट द्वारा देश के प्रत्येक राज्य में डिस्ट्रिक्ट-प्लानिंग मैप सीरीज का कार्य किया जा रहा है। मैप सीरीज प्रक्रिया का उद्देश्य प्रत्येक जिले के लिए काफी उपयोगी है। इससे योजनाकार व प्रशासकों को जिलों के हित के लिए शीघ्र ही एक झलक में स्थिति स्पष्ट होने में मदद मिलेगी। मैप सीरीज प्रक्रिया का कार्य काफी धीमी गति से चल रहा है। देश में आधे (50 प्रतिशत) जिलों में भी यह कार्य सम्पन्न नहीं हो पाया है। इस योजना की उपयोगिता व उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए सभी राज्यों के जिलों में मैप सीरीज-प्रक्रिया कार्य शीघ्र से शीघ्र सरकार द्वारा पूर्ण करने की आवश्यकता है।